[redacted]

**बिहार सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग**

**संवेदक मेसर्स सोलंकी कन्सट्रक्शन के पार्टनर श्री अखिलेशवर सिंह (Reg N0-1150043/1200153) पता–छोटा वरियारपुर, थाना–छतौनी, मोतिहारी, जिला–पूर्वी चम्पारण, पिन–845401 द्वारा काली सूची में दर्ज होने के विरूद्ध समर्पित अपील अभ्यावेदन दिनांक–20.01.2025 के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।**

25.03.2025

## आदेश

संवेदक मेसर्स सोलंकी कन्सट्रक्शन के पार्टनर–अखिलेश्वर सिंह, पता–छोटा वरियारपुर, थाना–छतौनी, मोतिहारी, जिला–पूर्वी चम्पारण, पिन–845401 एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मोतिहारी **उपस्थित**।

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त इतिहास यह है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मोतिहारी के अधीन MMGSY (NDB) योजनान्तर्गत निविदा Tender ID-2023 ECBIH-124755 में ई० रवि कुमार गुप्ता को अपने फर्म में कार्यरत बनाने संबंधी शपथ पत्र देने, उक्त निविदा में इ० रवि कुमार गुप्ता के प्रमाण पत्र का गलत उपयोग करने तथा निविदा में गलत/फर्जी कागजात समर्पित करने संबंधी आरोप तथा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मोतिहारी के पत्रांक–2879 दिनांक–26.12.2024 द्वारा समर्पित प्रतिवेदन जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि मेसर्स सोलंकी कन्सट्रक्शन द्वारा ई० रवि कुमार गुप्ता के प्रमाण पत्र गलत प्रयोग किया गया है, पर सम्यक विचारोपरांत निविदा में गलत/फर्जी कागजात समर्पित करने हेतु दोषी पाते हुए संवेदक मेसर्स सोलंकी कन्सट्रक्शन (Reg N0-1150043/1200153) को विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक–186 दिनांक–10.01.2025 द्वारा 04 (चार) वर्षों के लिए Blacklist किया गया।

उक्त आदेश के विरूद्ध संवेदक मेसर्स सोलंकी कन्सट्रक्शन पार्टनर–अखिलेशवर सिंह, पता–छोटा वरियारपुर, थाना–छतौनी, मोतिहारी, जिला–पूर्वी चम्पारण–845401 द्वारा अपील अभ्यावेदन दिनांक–20.01.2025 समर्पित किया गया है।

संवेदक द्वारा उपस्थित होकर तथा अपील अभ्यावेदन के माध्यम से बताया गया कि ई० रवि कुमार गुप्ता, पिता–श्रीराम कुमार गुप्ता, ग्रा०–मगुराहा, पो०–रामपुर, थाना–चिरैया, पूर्वी चम्पारण को उनके फर्म द्वारा मैटेरियल चोरी के आरोप में निकाला गया था, के द्वारा साजिशन Tender ID-2023 ECBIH-127455 एवं Tender ID-137813 (MMGSY/2024-25 Bet19/01) से उन्हें वंचित करने के लिए उक्त आरोप लगाया गया है। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मोतिहारी द्वारा विभागीय पत्रांक–3730 दिनांक–17.12.2024 के आलोक में उनके पत्रांक–2880 दिनांक–26.12.2024 द्वारा उनसे 03 दिनों के अंदर ई० रवि कुमार गुप्ता के वेतन संबंधी साक्ष्य की मांग की गयी तथा उसी दिन उनका पक्ष लिये बिना पत्रांक–2879 दिनांक–26.12.2024 द्वारा उनके विरूद्ध कार्रवाई की अनुशंसा कर दिया गया, जो कि नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के विरूद्ध है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मोतिहारी द्वारा पत्रांक–367 अनु0 दिनांक–24.02.2025 के माध्यम से उपस्थित होकर बताया गया कि उनके पत्रांक–2880 दिनांक–26.12.2024 के आलोक में मेसर्स सोलंकी कन्सट्रक्शन द्वारा दिनांक–20.02.2025 को ई0 रवि कुमार गुप्ता का पारिश्रमिक भुगतान से संबंधित Cash Receipt Voucher एवं ई0 रवि कुमार गुप्ता का शपथ पत्र दिनांक–21.04.2022 जिसमें ई0 रवि कुमार गुप्ता द्वारा मेसर्स सोलंकी कन्सट्रशन में तकनीकी कार्यों हेतु 06 वर्षों से उचित मजदूरी पर देखभाल करने हेतु नियुक्त होने का उल्लेख है, समर्पित किया गया है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मोतिहारी द्वारा उक्त शपथ पत्र का सत्यापन हेतु श्री रमेश प्रसाद सिंह, नोटरी पब्लिक मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण को दिये गये पत्र के आलोक में श्री रमेश प्रसाद सिंह, नोटरी पब्लिक द्वारा दिनांक–22.02.2025 को उक्त शपथ पत्र को सत्यापित करते हुए प्रतिवेदित किया गया है की शपथ पत्र सं0–2545, 2546 दिनांक–21.04.2022 एवं 1130 दिनांक–07.02.2022 उनके रजिस्टर में अंकित है तथा उनके द्वारा किया गया है।

वर्णित तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरांत मेसर्स सोलंकी कन्सट्रशन (निबंधन सं0–1150043/1200155) को 04 (चार) वर्षों के लिए Blacklist किये जाने संबंधी सकारण आदेश ज्ञापांक–186 दिनांक–10.01.2025 द्वारा को निरस्त (Set aside) करते हुए वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–13–12/2025 – 3803 /पटना, दिनांकः– 3/4/25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग/ऊर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3/4/25
(संजय कुमार)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–13–12/2025 – 3803 /पटना, दिनांकः– 3/4/25

प्रतिलिपिः–सभी मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3/4/25
संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–13–12/2025 – 3803 /पटना, दिनांकः– 3/4/25

प्रतिलिपिः–संवेदक मेसर्स सोलंकी कन्सट्रक्शन पार्टनर–अखिलेश्वर सिंह, पता–छोटा बरियारपुर, थाना–छतौनी, मोतिहारी, जिला–पूर्वी चम्पारण, पिन– 845401 को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3/4/25
संयुक्त सचिव